# भानपुरा में सनसनीखेज निर्मम हत्या, ग्रामीणों ने किया सड़क जाम

**भानपुरा। मंदसौर जिले के भानपुरा थाना क्षेत्र के करमदी खेड़ा गांव में बुधवार रात हुई एक दर्दनाक वारदात ने पूरे क्षेत्र को हिला कर रख दिया। धनकपुरा निवासी शंभू सिंह (42 वर्ष) की खेत में अज्ञात बदमाशों ने बेरहमी से हत्या कर दी। घटना के बाद से गांव में आक्रोश और दहशत का माहौल है। पुलिस के अनुसार, प्रारंभिक जांच में पुरानी रंजिश या पारिवारिक विवाद की आशंका जताई गई है। मृतक शंभू सिंह एक सम्मानित किसान थे और अपने परिवार—पत्नी व दो बच्चों—के साथ रहते थे। उनके पिता ने बताया कि मेरा बेटा किसी से दुश्मनी नहीं रखता था, हमें न्याय चाहिए।**



हत्या की खबर मिलते ही ग्रामीणों ने भानपुरा-झालावाड़ मार्ग पर ट्रैक्टर और पत्थर रखकर जाम लगा दिया। पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों के समझाने के बावजूद ग्रामीण देर तक मौके पर डटे रहे।थाना प्रभारी रमेशचंद्र दांगी ने ग्रामीणों को समझाते हुए 48 घंटे में आरोपियों की गिरफ्तारी का आश्वासन दिया, जिसके बाद जाम खुलवाया गया। हालांकि बाद में परिजनों और ग्रामीणों ने दोबारा प्रदर्शन शुरू कर दिया।मौके पर पहुंचे एसडीओपी विजय कुमार यादव और फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य एकत्र किए। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों की तलाश के लिए विशेष टीम गठित कर दी है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि 24 घंटे में हत्यारों की गिरफ्तारी नहीं हुई, तो वे पुन: चक्का जाम करेंगे। सुबह से दोपहर तक तीन बार मार्ग अवरुद्ध रहा, बाद में अधिकारियों के समझाने पर ग्रामीण शांत हुए और मृतक का अंतिम संस्कार संपन्न हुआ।

थाना प्रभारी ने कहा, हम मृतक के परिवार के साथ हैं। दोषियों को जल्द ही हिरासत में लेकर न्यायालय में पेश किया जाएगा। पूरे गांव में शोक की लहर है और एक ही मांग गूंज रही है शंभू सिंह को न्याय मिले।

## एक नजर में

### प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना से मिला संबल, राघव शक्तावत बने रोजगार के स्रोत



**मंदसौर।** प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना का लाभ लेकर मंदसौर के युवा किसान राघव राज सिंह शक्तावत ने न सिर्फ अपनी आर्थिक स्थिति मजबूत की, बल्कि गांव के 20 से अधिक लोगों को रोजगार भी उपलब्ध कराया है।शक्तावत ने योजना के अंतर्गत 25 लाख रुपए का लोन प्राप्त किया, जिसमें से 10 लाख रुपए की सब्सिडी मिली। उन्होंने इसके माध्यम से शक्तावत फार्म हाउस की स्थापना कर मत्स्य स्पॉन और फ्राय निर्माण का कार्य शुरू किया। आज उनकी हेचरी में प्रतिवर्ष 30 करोड़ अंडों से लगभग 2 करोड़ स्टैंड फ्राय तैयार किए जाते हैं। शक्तावत ने बताया कि कतला, कॉमन कार्प और ग्रास कार्प के 1000 फ्राय 250 रुपए में, जबकि रहू और नरेद के 1000 फ्राय 150 रुपए में विक्रय किए जाते हैं। वहीं 2-3 इंच आकार के फिंगर लिंग एक रुपए प्रति पीस के भाव से बेचे जाते हैं। मंदसौर के अलावा उनका विक्रय नेटवर्क राजस्थान, मध्यप्रदेश के अनेक जिलों तक फैला है। मत्स्य पालन से शक्तावत को वार्षिक 50 लाख रुपए तक की आमदनी होती है, जिसमें 20-25 लाख रुपए शुद्ध लाभ के रूप में प्राप्त होते हैं। वे तालाब की नियमित सफाई, दवाइयों और पोषक आहार से मछलियों की ग्रोथ पर विशेष ध्यान देते हैं। श्री शक्तावत ने कहा कि आधुनिक तकनीक से कृषि और मत्स्य पालन करने पर पारंपरिक खेती की तुलना में तीन गुना अधिक आय संभव है। उन्होंने युवाओं को कृषि से जुड़े नवाचार व पूरक व्यवसाय अपनाने का संदेश दिया।

### इंग्लैंड की महिला क्रिकेट टीम पहुंची स्पोर्ट्स एरीना



इंदौर. नेमावर रोड स्थित वीनस स्पोर्ट्स एरीना पर इंग्लैंड की महिला क्रिकेट टीम ने अपने कोच जॉन मिशेल एवं कप्तान स्किवर ब्रंट के साथ करीब 2 घंटे तक वहां की खेल गतिविधियों का जायज़ा लिया और भारतीय उत्सवी परंपराओं से लेकर शहर की खेल संस्थाओं के बारे में पूरी दिलचस्पी से बहुत सी जानकारियां भी प्राप्त की तथा इंदौर की स्वच्छता एवं खेल भावना की भी भरपूर प्रशंसा की. वीनस स्पोर्ट्स एरीना की ओर से सुरेश अग्रवाल, नीरज-धीरज अग्रवाल, जतिन अग्रवाल, लक्ष्य एवं हर्षिता अग्रवाल ने सभी खिलाडियों की अगवानी कर भारतीय परंपरा के अनुरूप उनका स्वागत कर उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट किए. कोच जॉन मिशेल एवं कप्तान ब्रंट ने अपने साथ आए टीम के सभी खिलाड़ियों सहित बल्ले पर ऑटोग्राफ भी दिए और पिकल बॉल और पैडल सहित कुछ समय क्रिकेट और फुटबॉल का भी आनंद लिया. सुबह 11 .30 से दोपहर 1 .30 बजे तक, दो घंटे की इस खुशनुमा मुलाकात में सभी खिलाड़ियों ने नाश्ते और कॉफ़ी की चुस्कियों के बीच स्वच्छ इंदौर की प्रशंसा भी की. इस दौरान विभिन्न खेल संगठनों सहित बढ़ी संख्या में खेल प्रेमियों का हुजूम उनकी एक झलक पाने के लिए विनस एरिना पर उमड़ता रहा.

### धोक पड़वा पर दिवाली मिलन समारोह



इन्दौर. धोक पढवा पर पटेल परिवार द्वारा दिवाली मिलन समारोह आयोजित किया गया. इस अवसर पर पूर्व मंत्री स्व.श्री रामेश्वर पटेल के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई, समारोह में अ.भा.कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय सचिव व पूर्व विधायक सत्यनारायण पटेल ने सभी आगंतुको का अभिवादन किया और दिपावली की शुभकामनाए दी गई. कलोता समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष राधेश्याम पटेल ने सभी को धोक पढवा की बधाई दी. इस अवसर पर गीतारामेश्वरम ट्रस्ट की ओर से अध्यक्ष विनोद सत्यनारायण पटेल सचिव चेतन सिंह चौधरी, सर्व समाज, समाज सेवी मदन परमालिया,राहुल पटेल, गौरव पटेल,नरेन्द्र सूर्यवंशी, जगदीश जोशी, मिथिलेश जोशी,राजेन्द्र मालवीय, कृपाराम नेता, हंसराज मण्डलोई, गणेश वर्मा, पार्षद सीमा सोलंकी एड.संतोष यादव, विजय राठौर, बेरी राठौर,मनीष पटेल आदि ने आए अतिथियों का अभिवादन किया.

### शहर की बेटी और नातिन की प्रस्तुति कल दिल्ली में

इंदौर. शहर के पर्यावरणविद महेश बंसल की बेटी स्वाति और नातिन अनवी 24 अक्टूबर को दिल्ली के इंडिया हैबिटैट सेंटर में लंदन के अरुणिमा कुचिपुड़ी डांस ग्रुप के 15 सदस्यों के साथ अपनी नृत्य प्रस्तुतियां देंगी. बंसल ने बताया कि लंदन के प्रसिद्द अरुणिमा कुमार नृत्य समूह को ब्रिटेन का सर्वोच्च साम्राज्य पदक (बी ई एम) मिल चुका है. इस ग्रुप की प्रमुख अरुणिमा के नृत्य समूह में उनकी बेटी स्वाति और नातिन अनवी भी शामिल हैं, जो 24 अक्टूबर, शुक्रवार की शाम 7 बजे से दिल्ली के इंडिया हैबिटैट सेंटर के सभागृह में अपनी प्रस्तुतियां देंगे। स्वाति ने इंदौर के जीएसआईटीएस से इंजीनियरिंग (बीई) एवं आई आई एम बंगलुरु से एम बी ए की उपाधि प्राप्त की है. वे अब ब्रिटेन में ही सेवारत हैं और अरुणिमा कुमार डांस ग्रुप के सदस्य के रूप में अपनी प्रस्तुतियां देने दिल्ली आ रही हैं. उनकी बेटी अनवी भी इसी ग्रुप की सदस्य हैं. इंदौर के अनेक परिजन एवं स्नेहीजन उनकी प्रस्तुतियों के साक्षी बनने दिल्ली जा रहे हैं.




## आज से मंडियों में सोयाबीन खरीदी होगी प्रारंभ, जिला प्रशासन ने की संपूर्ण तैयारियां

▶ सभी एसडीएम व तहसीलदारों ने किया मंडियों का निरीक्षण

**मंदसौर।** भावांतर भुगतान योजना अंतर्गत 24 अक्टूबर से जिले में सोयाबीन खरीदी का कार्य प्रारंभ होने जा रहा है। इस संबंध में जिला प्रशासन ने व्यापक तैयारियां पूरी कर ली हैं। कलेक्टर श्रीमती अदिति गर्ग के मार्गदर्शन में जिले के सभी एसडीएम, तहसीलदार, मंडी सचिव, नोडल अधिकारी एवं राजस्व अधिकारी सक्रिय रूप से मैदान में उतरकर विभिन्न मुख्य एवं उप मंडियों का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान मंडी प्रांगण में किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पेयजल, छांव, विश्राम स्थल, सुरक्षा व्यवस्था तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। साथ ही हेल्प डेस्क भी सभी मंडियों में प्रारंभ कर दिए गए हैं, जहां से किसानों को भावांतर भुगतान योजना के संबंध में विस्तृत जानकारी और आवश्यक मार्गदर्शन प्राप्त होगा।

उप संचालक कृषि विभाग द्वारा बताया गया कि, जिले में 40,635 किसानों ने भावांतर भुगतान योजना अंतर्गत पंजीयन कराया है। योजना के तहत सोयाबीन की खरीदी 24 अक्टूबर से प्रारंभ होकर 15 जनवरी तक जारी रहेगी।

## लोन देने के नाम पर आ रहे फर्जी कॉल तो हो जाए सावधान...!

**नीमच। अगर आपको कारोबार, घर बनाने के लिए या कोई उधार चुकाने के लिए पैसों की जरूरत है और कोई फोन कर लोन देने की बात कह रहा है तो सावधान हो जाइए।आपके साथ धोखा भी हो सकता है।**

दरअसल, कम ब्याज दर पर और जल्दी लोन दिलाने के नाम पर लोगों को लूटने का खेल फोन कॉल्स के माध्यम से चलाया जा रहा है। लोगों के पास कॉल्स लोन के लिए आते हैं। ये कॉल्स करने वाले ऐसे लोगों को शिकार बनाते हैं, जिन्हें लोन की जरूरत होती है और जो बैंकों के चक्कर नहीं काटना चाहते। कई बार नंबर्स की पहचान कर ब्लॉक भी कर दें तो अन्य किसी नंबर से फिर से कॉल्स आने लगते हैं। ऐसे में लोग इन फर्जी लोन कॉल्स से परेशान हैं। अधिकतर नंबर यूपी और कर्नाटक के हैं, जहां से ये खेल चलाया जा रहा है।

रूपलाल (परिवर्तित नाम) को पैसों की जरूरत थी। एक दिन उसके पास लोन के लिए कॉल आया और उसमें लोन आसान किस्तों पर देने की बात की गई। रूपलाल ने जल्दी लोन मिलने के लालच में हां कर दी और अपनी बैंक अकाउंट डिटेल्स व अन्य जरूरी दस्तावेज शेयर कर दिए। अब लोन की राशि मिलने से पहले ही उसे कुछ राशि जमा कराने के लिए कहा गया। इसके बाद कोई ना कोई कमी दस्तावेज में निकालते हुए उसे और भी राशि जमा कराने के लिए कहा तो उसे खेल समझ आ गया, लेकिन तब तक उसके चपत लग चुकी थी।

निर्मल कुमार (परिवर्तित नाम) के पास कुछ समय पहले मोबाइल पर एक व्यक्ति ने फोन कर कहा कि आपका पांच लाख रुपए का लोन पास हुआ है। इस संबंध में उसके पास मैसेज भी लगातार आते रहे। इसके बाद उसने जब उस नंबर पर कॉल किया तो ठग ने खुद को एक फाइनेंस कंपनी का ही व्यक्ति बता कर झांसे में ले लिया। साथ ही जरूरी व्यक्तिगत दस्तावेज, बैंक से संबंधित व अन्य कागजात जमा कराने को कहा। इसके बाद उसकी सभी बैंक डिटेल्स मंगवाई और यहां तक कि ओटीपी भी बताने को कहा। जब पैसे निकलने का मैसेज आया तब उसे धोखाधड़ी का पता चला।

### पूरी डिटेल्स पहुंचती है ठगों के पास

ठग खुद को बैंक मैनेजर या फाइनेंस कंपनी का अधिकारी बताकर कम से कम पांच लाख की रकम पास होने का झांसा देते हैं। लोग झांसे में आते हैं तो वह बैंक डिटेल, आधार कार्ड, फोटो समेत अन्य कागजात को लेकर इसके एवज में कंपनी या बैंक लोन से संबंधित दस्तावेज उनके मोबाइल पर भेजते हैं। इसके बाद वह लोन फीस, जीएसटी फीस, कमीशन आदि के नाम पर आपके खाते से सारी रकम उड़ा देता है। इसके अलावा लोगों की फोन डिटेल्स भी ठगों तक पहुंच जाती है। ये कॉल्स उनके मित्रों, पड़ोसियों और रिश्तेदारों तक भी पहुंचते हैं।

### इन बातों का रखें ध्यान

लोन की जरूरत होने पर बैंक या फाइनेंस कंपनी में सीधे संपर्क करें

किसी भी अनजान नंबर से कॉल आने पर पूरी पड़ताल करके ही कोई जानकारी शेयर करें

खुद को बैंक या फाइनेंस कंपनी का अधिकारी बताने वाले से पहले उसकी पूरी जानकारी लें

लोन के लिए आने वाले ज्यादातर मैसेज प्रसॉड होते हैं। इन पर दिए लिंक्स पर क्लिक नहीं करें।

कॉलर के कहने पर बैंक डिटेल, दस्तावेज और कोई भी ऐप डाउनलोड करने से बचें

ठगी होने पर फौरन इसकी सूचना साइबर सेल को दें

कॉलर के कहने पर किसी भी तरीके की फीस जमा नहीं करवाएं

## शहर का ट्रांसपोर्ट नगर कागजों ने नहीं निकला बाहर, जहां मन हो वहीं कर रहे लोडिंग-अनलोडिंग का काम

**नीमच।** शहर में ट्रांसपोर्ट नगर की स्थापना न होने की वजह से कई जगह लोडिंग-अनलोडिंग का काम किया जा रहा है। इन जगहों पर ट्रक खड़े रहते हैं। इससे आने-जाने वालों को परेशानी होती है। लोगों का कहना है कि ट्रांसपोर्ट का कार्य शहर से बाहर क्षेत्र में होना चाहिए। शहर में आधा दर्जन ट्रांसपोर्ट खुल गए हैं, जहां सामान की लोडिंग व अनलोडिंग का काम होता है।गौरतलब है कि दशहरा मैदान, पुराना हाट मैदान, मिडिल स्कूल ग्राउंड शहर का मिनी ट्रांसपोर्ट नगर कहा जाता है। इसके अलावा मुख्य सड़कों को छोड़ कर सभी सड़कों पर ट्रांसपोर्ट का काम होता है। खासकर अंदर गलियों में रहवासी क्षेत्र में तो बड़ी-बड़ी गोदामें बनी हैं। इससे लोग भी परेशान रहते हैं। लोगों का कहना है कि वे सालों से सुनते आ रहे हैं कि ट्रांसपोर्ट नगर शहर से बाहर बनना है, लेकिन यह कार्य आज तक नहीं हो पाया। भारी वाहनों की आवाजाही से सड़कों, नालियों की हालत बहुत ही खराब है। इसके अलावा शहर के नयाबाजार, वीरपार्क रोड, स्टेशन मार्ग, तिलक मार्ग भी ट्रांसपोर्ट का काम हो रहा है।

शहर में महू रोड़ पर पुराने समय से ही अधिकांश ऑटो मोबाइल्स वर्क शॉप हैं। चूंकि फोरलेन के निर्माण के पहले शहर के बीच से ही महू-नीमच-नसीराबाद हाईवे मुख्य था। इस मार्ग पर ही भारी वाहनों की आवाजाही होती थी। ऐसे में अधिकांश वाहन महू रोड़ पर ही ठीक होने आते रहे हैं। इधर शहर के बीच में कई ट्रांसपोर्ट संचालित होते हैं। शहर के बीच मोहल्लों, बाजारों में ऐसे ट्रांसपोर्ट हैं जहां पर भारी वाहन सीधे पहुंचते हैं। इन स्थितियों को देखते हुए वर्ष 2011 के पहले और बाद के मास्टर प्लान में मैकेनिक नगर और ट्रांसपोर्टनगर शहर के सघन इलाके से बाहर प्रस्तावित किए गए हैं। लेकिन इनके बारे में भी कोई ठीक व्यवस्था अब तक नहीं हो सकी है। शहर में जितने भी व्यावसायिक भवन हैं उनमें से अधिकांश में पार्किंग की ठीक व्यवस्था है ही नहीं। यहां तक कि शहर में सार्वजनिक पार्किंग का एक स्थान टैगोर मार्ग पर ही केवल दुरस्त हो सका है लेकिन उसका भी सही स्वरूप में उपयोग नहीं हो रहा है। यहां पर आसपास के रहवासी अपने वाहन खड़े करते हैं।जो व्यावसायिक और अन्य बड़ी ईमारतें हैं उनमें भी पार्किंग की व्यवस्थाएं नहीं हैं। जबकि मास्टर प्लान के अनुसार हर ईमारत में पार्किंग होना आवश्यक है।

## सेवार्पण सेवा न्यास द्वारा नेत्र शिविर 26 को

**कुकड़ेश्वर।** सेवार्पण सेवा न्यास द्वारा गोमाबाई नेत्रालय नीमच के डॉक्टरों द्वारा नेत्र शिविर का आयोजन 26 अक्टूबर 2025 रविवार को प्रात: 9:00 बजे भगवान महावीर स्वामी शासकीय चिकित्सालय कुकड़ेश्वर पर आयोजित किया गया है समिति के सदस्यों द्वारा बताया गया कि गोमाबाई नेत्रालय के डॉक्टर द्वारा मोतियाबिंद कालापानी आंखों से पानी आना खुजली होना सब प्रकार की जांच निशुल्क की जावेगी जांच उपरांत गोमाबाई नेत्रालय में निशुल्क ऑपरेशन की सुविधा प्रदान की जाएगी उक्त शिविर में शिवनारायण आचार्य शांतिलाल जोशी ओम प्रकाश शर्मा ,आर एलचौधरी ,मधुसूदन आचार्य ,भंवरलाल निंबोदिया मुन्नालाल बारीवाला ,नंदकिशोर बारीवाला ,सुधीर जी पटवा, तेजकरण सोनी ,कचरू लाल बालोदिया, जीनू सोनी ,जीवन चौधरी ,उज्जवल पटवा द्वारा क्षेत्र के लोगों से निवेदन किया कि अधिक से अधिक संख्या में नेत्र शिविर में उपस्थित होकर अपने आंखों की जांच निशुल्क करवाए।

**एक नजर** ▶ गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा का माडल बन रहा है, सर्व सुविधा युक्त शासकीय सांदीपनी विद्यालय

## सांदीपनी विद्यालयों में पढाई के लिए बढ़ रहा है विद्यार्थियों का रूझान

**नीमच। म.प्र .शासन द्वारा विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण सर्वसुविधायुक्त शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए सांदीपनी विद्यालय प्रारंभ किये गये है। इन्ही विद्यालयों में है, शासकीय सांदीपनी उ.मा.विद्यालय जावद।**

मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने पिछले दिनों नीमच प्रवास के दौरान सांदीपनी विद्यालय भवन जावद का लोकार्पण किया है। सांदीपनी विद्यालयों में शिक्षा प्राप्त करने के लिए अब विद्यार्थियों में रूझान बढ़ा है, निजी विद्यालयों के विद्यार्थी भी अब सांदीपनी विद्यालय में प्रवेश लेकर शिक्षा प्राप्त करने में रूची दिखाने लगे है। सांदीपनी विद्यालय एक ऐसी महत्वाकांक्षी परियोजना है, जो विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षण सुविधा उपलब्ध करवा रही है। सांदीपनी विद्यालय में शिक्षण प्रक्रियाओं, व्यावसायिक -शिक्षा, स्टीम प्रेरित पाठ्यक्रम द्वारा विद्यार्थियो के शिक्षा प्रदान की जा रही है। साथ ही नियमित रुप से खेलकूद, भाषण, चित्रकला, वाद-विवाद,




प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताए एवं बौद्धिक विकास की गतिविधियाॅ की जा रही है।

भवन सुविधा:- म.प्र.शासन द्वारा सांदीपनी विद्यालय जावद के लिए सुंदर, आकर्षक, सर्वसुविधा युक्त शालाभवन एवं परिसर का निर्माण किया है। जिसमें प्राचार्य कक्ष, उपप्रचार्य कक्ष, प्रा.वि. , मा.वि. ब्लॉक के लिए प्रधान अध्यापक कक्ष,परामर्श कक्ष,कार्यालय कक्ष, सम्मेलन कक्ष, स्टॉफ रुम (प्रा.वि.,मा.वि.,हायर सेकण्ड्री) भौतिक, रसायन, जीवविज्ञान, गणित,स्टीम व्यावसायिक शिक्षा की ई.टी. , आई.टी. प्रयोगशाला, कम्प्युटरलेब (मा.वि.,हायर सेकण्डरी के लिए), सिकरुम, एमआईएस रुम, बालक , बालिका कॉमन रुम, डाईनिंगहाल, केफेटेरिया, पुस्तकालय (मा.वि. एवं हायर सेकण्ड्री के लिए अलग-अलग), मल्टीपरपज हाल, संगीत एवं नृत्य कक्ष,तथा 48 अध्यापन कक्ष है। विद्यार्थियो के लिए ग्राउण्ड फ्लोअर , फर्स्ट फ्लोअर , सेकण्ड फ्लोअर प्रत्येक फ्लोअर पर बालक, बालिका हेतु अलग-अलग सुविधाघर एवं पेयजल हेतु वाटर हट का निर्माण किया गया है। दिव्यांग बच्चों के लिए प्रत्येक फ्लोअर पर पहुँचने के लिए रैम्प-टेलिंग एवं विशेष प्रकार के सुविधा घरों का निर्माण किया गया हैं। भवन में स्थित 48 अध्यापन कक्ष में से 15 कक्षो में अत्याधुनिक इंटरेक्टिवपेनल, 04 कक्षो में स्मार्टबोर्ड, 04 कक्षो में स्मार्ट टी.वी. तथा प्रत्येक अध्यापन कक्ष मे एक अलमीरा, आर्कषक फर्निचर, सी.सी.टी.वी कैमरा,स्पीकर,ग्रीनबोर्ड लगे है।

प्रत्येक कक्ष हवादार एवं प्रकाशवान है। भवन एवं परिसर की सुरक्षा के लिए भीतर एवं बाहर चारो ओर सी.सी.टी.वी कैमरे लगे है। परिवहन सुविधा:- सांदीपनी विद्यालय के आसपास से आने वाले विद्यार्थियो के आवागमन के लिए 10 बसों का संचालन किया जा रहा है।सांदीपनी विद्यालय परिसर में सुंदर सर्वसुविधायुक्त भवन एवं सामने एक सुंदर बगीचा तथा भवन के चारो ओर पेड़-पौधे लगे है। भवन के पीछे के मैदान में छोटे बच्चों के लिए सुंदर आकर्षक झूले , चकरी , फिसल पट्टी , भूल-भूलैया , स्द्दद्ग-स्डु2 इत्यादि लगे है। जिसका उपयोग कर के बच्चे आनंद की अनुभूति प्रदान करते है, व खुशनुमा वातावरण में पढाई करते है। जावद के सांदीपनी विद्यालय में 1632 विद्यार्थियों को उत्कृष्ट गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुविधा उपलब्ध हो रही हैं।

विद्यालय का स्टाफ:- प्राचार्य, विभिन्न विषय के 13 उ.मा.शि. ,16 मा.शि. ,20 प्रा.शि. ,02 प्रयोगशाला सहायक , 02 वोकेशनल शिक्षक कार्यरत है। साफ-सफाई के लिए आउटसोर्स के कर्मचारी कार्यरत है। विद्यालय में सुरक्षा के लिए 06 सुरक्षाकर्मी भी कार्यरत हैं। परीक्षा परीणाम:- गतवर्ष 2024-25 मे कक्षा 5वी एवं 8वी, 10वी का परीक्षा परिणाम शतप्रतिशत रहा है। साथ की कक्षा 12वी का परीक्षा परिणाम 84 प्रतिशत रहा है। विद्यालय में किए जा रहे नवाचार: - सांदीपनी विद्यालय में नवीन तकनीकी से अध्यापन करवाया जाता है। उपस्थिति के लिए पालको से सतत् सम्पर्क किया जा रहा है। कमजोर विद्यार्थियों के लिए निदानात्मक विशेष कक्षाए लगाकर, उनकी कठिनाईयों का समाधान किया जा रहा है। उत्कृष्ट विद्यार्थियों के लिए विशेष कक्षाओ का आयोजन भी किया जा रहा है। नृत्य एवं संगीत में रुचि रखने वाले विद्यार्थियों के लिए समय-सारणी मे एक कालखण्ड नृत्य एवं संगीत की शिक्षा भी दी जा रही है।